Dainik Bhaskar (Indore), 29th June 2026, Front Page – plus 04

सिटी एंकर

कम्प्यूटर साइंस व इलेक्ट्रिकल वालों को मिले बंपर ऑफर

आईआईटी प्लेसमेंट : एआई एक्सपर्ट्स की मांग में तेजी, 11 में से 10 छात्रों को 1.59 करोड़ का पैकेज

भास्कर संवाददाता | इंदौर

आईआईटी इंदौर ने इस प्लेसमेंट सीजन में नए रिकॉर्ड बनाए हैं। वैश्विक स्तर पर आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) के कारण आईटी कंपनियों में जहां कॉस्ट कटिंग की जा रही है, वहीं एआई एक्सपर्ट्स की मांग में तेजी आई है। इसका सीधा फायदा आईआईटी ग्रेजुएट्स को मिला है। इस साल 10 पासआउट छात्रों को एआई और डेटा एनालिटिक्स सेक्टर में काम करने के लिए 1.59 करोड़ रुपए का सर्वोच्च पैकेज मिला है। एक अन्य छात्र को फाइनेंशियल एडवाइजरी कंपनी ने 1.03 करोड़ रुपए का ऑफर दिया है। 1.59 करोड़ का यह सबसे बड़ा पैकेज कम्प्यूटर साइंस एंड इंजीनियरिंग और इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग के छात्रों को ऑफर किया गया है।

औसत पैकेज 27.8 लाख पर पहुंचा

वर्तमान बैच के लिए प्लेसमेंट प्रक्रिया अभी भी चल रही है। 11 छात्रों को मिले 1 करोड़ से अधिक के इन पैकेजेस के कारण इस साल बीटेक बैच का औसत पैकेज बढ़कर 27.8 लाख रुपए प्रति वर्ष हो गया है। पिछले साल हाइएस्ट पैकेज 1.38 करोड़ रुपए सालाना था, जबकि 2024 के ग्रेजुएटिंग बैच के लिए सबसे बड़ा पैकेज 64 लाख रुपए रहा था।

टेक के साथ फाइनेंस में भी मांग

प्लेसमेंट में टेक सेक्टर के अलावा फाइनेंस और मल्टीनेशनल कॉर्पोरेट सेक्टर में भी आईआईटीयंस की मांग देखी गई है। 1 करोड़ क्लब में शामिल 11वें छात्र को फाइनेंशियल एडवाइजरी सर्विसेस कंपनी की ओर से 1.03 करोड़ रुपए सालाना का पैकेज मिला है। ग्लोबल मार्केट में भी आईआईटीयंस की डिमांड फिर बढ़ रही है।

अब तक का प्लेसमेंट

▪ **सबसे बड़ा ऑफर** : 1.59 करोड़ रुपए (10 छात्रों को एआई व डेटा एनालिटिक्स सेक्टर में)। **ऐसे बदला ग्राफ** : 3 साल में ढाई गुना बढ़ा हाइएस्ट पैकेज ▪ **वर्ष 2024** : 64 लाख सालाना (सर्वोच्च पैकेज) ▪ **वर्ष 2025** : 1.38 करोड़ सालाना (सर्वोच्च पैकेज) ▪ **वर्ष 2026 (वर्तमान बैच)** : 1.59 करोड़ सालाना (अब तक का सबसे बड़ा पैकेज)